24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा... पृष्ठ 2 | स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जिले के... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

सोमवार, 26 अगस्त 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 313, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मोः 98274-61508, 83192-88559


## प्रधानमंत्री का नशामुक्त भारत का संकल्प अब हर देशवासी का संकल्प बनता जा रहा है : अमित शाह

### छत्तीसगढ़ में एनसीबी के कार्यालय का केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया उद्घाटन, छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के परिदृश्य पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की




**रायपुर।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के आंचलिक इकाई कार्यालय का ऑनलाइन उद्घाटन किया।

अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के परिदृश्य पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता भी की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय, छत्तीसगढ़ के उप-मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, केन्द्रीय गृह सचिव, निदेशक, आसूचना ब्यूरो, महानिदेशक, एनसीबी, छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। केन्द्रीय गृह मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का 2047 में भारत की आज़ादी के शताब्दी वर्ष में नशामुक्त देश का संकल्प अब हर देशवासी का संकल्प बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशामुक्त भारत का संकल्प एक समृद्ध, सुरक्षित और वैभवशाली भारत के निर्माण के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। श्री शाह ने कहा कि ड्रग्स सिर्फ भारत की ही नहीं बल्कि एक वैश्विक समस्या है। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि भारत में ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई को शिद्दत, गंभीरता और एक संपूर्ण रणनीति के साथ लड़ेंगे तो हम इस लड़ाई को जीत सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में नारकोटिक्स का अवैध व्यापार राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ जुड़ा हुआ है। श्री शाह ने कहा कि ड्रग्स के अवैध व्यापार से अर्जित धन आतंकवाद और वामपंथी उग्रवाद को बढ़ावा देता है और देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स से न सिर्फ देश की युवा पीढ़ी बर्बाद होती है बल्कि देश की सुरक्षा भी कमज़ोर होती है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि सभी मिलकर नारकोटिक्स के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति पर आगे बढ़ें और मोदी जी के नशामुक्त भारत के संकल्प को पूरा करें। उन्होंने कहा कि आज एनसीबी के रायपुर जोनल कार्यालय का उद्घाटन हुआ है। उन्होंने कहा कि ये ज़ोनल ऑफिस न सिर्फ राज्य बल्कि पूरे क्षेत्र में नारकोटिक्स पर नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि देश के हर राज्य में एनसीबी की उपस्थिति हो। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार हर राज्य में एनसीबी के कार्यालय की स्थापना कर राज्य सरकारों के सहयोग से नशे के कारोबार को ख़त्म करेगी। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज ड्रग्स ट्रैफिकिंग का ट्रेंड बदल रहा है और ये नैचुरल से सिथेटिक ड्रग्स की ओर बढ़ रहा हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में सेडेटिव उपयोग का प्रतिशत 1.45 है जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है और गांजा का उपयोग भी 4.98 प्रतिशत है जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। श्री अमित शाह ने ड्रग्स की तस्करी के मामलों की जांच में वैज्ञानिक तरीकों के इस्तेमाल पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमें टॉप टू बाटम और बाटम टू टॉप अप्रोच के साथ काम कर पूरे नेटवर्क को रूथलेस तरीके से ध्वस्त करने की ज़रूरत है। श्री शाह ने कहा कि जब तक हम पूरे नेटवर्क पर प्रहार नहीं करेंगे तब तक एक नशामुक्त भारत के लक्ष्य को हम प्राप्त नहीं कर सकेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि ड्रग्स का उपयोग करने वाला व्यक्ति पीड़ित होता है, जबकि इसका व्यापार करने वाला अपराधी होता है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स के डिटेक्शन, नेटवर्क के डिस्ट्रक्शन कल्प्रिट के डिटेंशन और एडिक्ट के पुर्नवास के चार सूत्रों पर चलकर ही हम इस लड़ाई में सफल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में होल ऑफ गवर्नमेंट अप्रोच अपनाने से ही हमें पूर्ण सफलता मिलेगी। श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 साल में एनसीबी की उपलब्धि बहुत अच्छी रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2004 से 2014 तक कुल 1,250 केस दर्ज हुए जबकि 2014 से




2024 तक के 10 साल में 230 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4,150 केस दर्ज हुए। 2004 से 2014 के बीच कुल 1,360 अरेस्ट हुए जो अब 6,300 हो गए हैं। इसी प्रकार, 2004 से 2014 के बीच 1 लाख 52 हज़ार किलोग्राम ड्रग्स पकड़ी गई जबकि 2014 से 2024 के बीच 257 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 5 लाख 43 हज़ार किलोग्राम ड्रग्स पकड़ी गई है। 2004 से 2014 के बीच ज़ब्त की गई ड्रग्स का मूल्य 5,900 करोड़ रूपए था जबकि 2014 से 2024 के बीच ज़ब्त की गई ड्रग्स का मूल्य 22,000 करोड़ रूपए है। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक संगठित अप्रोच के तहत हम 10 साल में ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई को एक अंजाम तक पहुंचाने में सफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नशामुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश के युवा और आम जनता के बीच मादक पदार्थों के खिलाफ जागरूकता पैदा करके इस लड़ाई को एक श्जन आंदोलनश् बनाना होगा। केन्द्रीय गृह मंत्री ने नार्को कॉर्डिनेशन मैकेनिज़्म के तहत सभी 4 स्तरों पर नियमित बैठकें आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## सर्व ब्राह्मण समाज ने कृष्ण भजन का आयोजन किया



**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** कृष्ण जन्माष्टमी के पूर्व संध्या महादेव घाट तथा रायपुरा परिक्षेत्र सर्व ब्राह्मण समाज ने संगीतमय कृष्ण भजन का आयोजन किया । महादेव घाट खारुन नदी के तट पर हनुमान मंदिर स्थित पीपल वृक्ष के नीचे मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा, महादेव घाट परिक्षेत्र अध्यक्ष रत्ना शर्मा, रायपुरा अध्यक्ष शिखा शर्मा की उपस्थिति में आयोजित भजन संध्या मे कृष्ण भक्ति में लीन आनंद विभोर होकर पदाधिकारी गण भक्ति रस में पूरी तरह से डूब गए थे । भजन गायन श्रीमती अंजनी शर्मा तथा ढोलक, तबला, मंजीरा लिए नीतू शर्मा, सरिता शर्मा, ज्योति शर्मा, ने संगत करके भजन को सुमधुर बना दिया। उक्त अवसर पर ललित मिश्रा, रत्ना शर्मा, शिखा शर्मा, गणेश शर्मा, गोपाल शर्मा, सुनील शर्मा, सुधा शर्मा, शारदा मिश्रा, वीणा तिवारी, मनीषा मिश्रा , कविता शर्मा, भारती रोमनाथ शर्मा, शशि पांडे, सरिता शर्मा सहित पदाधिकारी व सदस्य गण शामिल थे ।



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर आज श्री सत्यनारायण भगवान (सत्यनारायण मंदिर कामठीलाइन ) सज-धज कर अपने भक्तों को दर्शन देने हेतु...**

## कृष्ण जन्माष्टमी पर भगवान श्री कृष्ण जी की शोभा यात्रा धूमधाम से नगर भ्रमण करेगी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव संस्कारधानी राजनांदगांव में कोसरिया यादव महासभा



द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। दो दिवसीय कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आयोजन समिति द्वारा सोमवार को साहडा देव मंदिर महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के पास इष्ट देव भगवान श्री कृष्ण जी के अवतरण दिवस के पावन अवसर पर विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए विभिन्न वार्डों से आने वाली झांकियां एकत्रित होकर तथा गाजे बाजे के साथ भगवान श्री कृष्ण जी की शोभायात्रा नगर भ्रमण करेगी। विभिन्न वार्डो से आने वाली झांकी के साथ पारंपरिक राउत नृत्य दल , मंडई मेला, डीजे, रामधुनी दल, बलि अखाड़ा के साथ कोसरिया यादव महासभा के पदाधिकारी वार्डों के गौटिया गण, नगर के युवा संगठन, महिला संगठन व पदाधिकारी तथा नगर वासी अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे। वार्डो से निकलने वाली झांकी की तैयारी कर ली गई है जो कि आज दोपहर 12:00 तक आरंभ स्थल साहडा देव महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल के पास पहुंचेगी। तदपश्चात सभी झांकियां क्रमवार व्यवस्थित रूप से महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल से रेलवे स्टेशन चौक ,दिल्ली दरवाजा,शनि देव मंदिर, भारत माता चौक,बसंतपुर थाना चौक,दुर्गा चौक,आजाद चौक, मानव मंदिर चौक ,जमातपारा,गुरुद्वारा चौक, इमाम चौक से महरानी लक्ष्मी बाई स्कूल सहाड़ा देव मंदिर पर पूजा आरती कर प्रसादी वितरण कर समापन की जावेगी। 1/9/2024 दिन रविवार को सम्मान समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम गांधी सभा गृह म्युनिसिपल स्कुल राजनांदगांव में रखा गया है।जिसमे प्रतिभाशाली छात्र छात्रा का सम्मान, शिक्षा ,खेल ,कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मान,समाज के युवाओं व बच्चों का सामूहिक नृत्य,के साथ साथ सांस्कृतिक दल का कार्यक्रम , समाज वरिष्ठों का सम्मान,अतिथियों का सम्मान कर समापन किया जावेगा।

## महिलाओं के छठ माता की पूजा अर्चना कर कथा का रस पान किया





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बजरंगपुर नवागांव में वार्ड की महिलाओं ने हलु नवजया-नवजयठी पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया वार्ड के विभिन्न मोहल्लो में महिलाओं के छठ माता की पूजा अर्चना कर कथा का रस पान किया । हल-ुनवजया-ुनवजयठी पर्व पर वार्ड की माताओं ने संतान की लंबी आयु और जीवन में सफलता के लिए उपवास रखा। दोपहर के बाद वार्ड के अनेक माहल्ले, -रु39यांकरनगर, दीवानटोला, अम्बेडकर चैक, संगम चैक, भाटापारा अन्य स्थानों पर महिलाओं के हल-ुनवजया-ुनवजयठी माता मी पूजा किये संध्या के बाद माताओं के बच्चे की पीठ पर पोती लगायां और प्रसाद के रूप में लाई खाने दिया ।

## कांग्रेस पार्टी को अंबेडकर के अनुयायी कभी माफ नहीं करेंगे : मायावती


**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को कांग्रेस पर जोरदार तंज कसा। मायावती ने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स से एक लंबा पोस्ट शेयर किया। पोस्ट में लिखा, कांग्रेस पार्टी को डॉ. भीमराव अंबेडकर के अनुयायी कभी माफ नहीं करेंगे। दरअसल, कांग्रेस पार्टी ने 24 अगस्त को प्रयागराज में संविधान समारोह आयोजित किया। बसपा सुप्रीमो मायावती ने आपत्ति जताते हुए कहा कि कल प्रयागराज में संविधान सम्मान समारोह करने वाली कांग्रेस पार्टी को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के अनुयायी कभी माफ नहीं करेंगे, जिसने संविधान के मुख्य निर्माता बाबा साहेब को उनके जीते-जी व देहांत के बाद भी भारतरत्न की उपाधि से सम्मानित नहीं किया। कांग्रेस पर कई आरोप लगाए। अपनी पोस्ट में आगे कहा, बाबा साहेब की मूवमेन्ट को गति देने वाले कांशीराम के देहांत के बाद इसी कांग्रेस ने केन्द्र में अपनी सरकार के रहते इनके सम्मान में एक दिन का भी राष्ट्रीय शोक तथा सपा सरकार ने भी राजकीय शोक घोषित नहीं किया।

## छत्तीसगढ़ में जानलेवा हुआ स्वाइन फ्लू, 15 दिन में 6 की मौत, 29 पॉजिटिव

**धीरज तिवारी**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में स्वाइन फ्लू अब जानलेवा हो गया है. बीते 24 घंटे के दौरान स्वाइन फ्लू से 2 लोगों की मौत हो गई. मनेंद्रगढ़ में 41 साल के व्यक्ति ने दम तोड़ दिया. वहीं राजनांदगांव में 37 साल के युवक की मौत हो गई. बता दें कि अगस्त महीने में प्रदेश में स्वाइन फ्लू से अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि एक हफ्ते में 29 पॉजिटिव मिले हैं, जिनमें से 26 सिर्फ बिलासपुर जिले के हैं। दरअसल, छत्तीसगढ़ में स्वाइन फ्लू से पहली मौत 9 अगस्त, 2024 को कोरिया जिले में एक महिला की हुई थी. इसके एक दिन बाद यानी 10 अगस्त को जांजगीर-चांपा जिले में स्वाइन फ्लू से मौत के मामले सामने आए थे. यहां 66 वर्षीय महिला की मौत हो गई थी.

**बिलासपुर में एक हफ्ते में मिले 26 स्वाइन फ्लू के मरीज**- छत्तीसगढ़ में पिछले एक सप्ताह में स्वाइन फ्लू के 29 मरीज पॉजिटिव मिले हैं, जिनमें से 26 केवल बिलासपुर के हैं, जिनमें से 14 मरीजों का इलाज अस्पताल में चल रहा है. हालांकि इस बीच छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग ने स्वाइन फ्लू को लेकर पूरे प्रदेश में अलर्ट जारी किया है. सर्दी, खांसी और कफ के साथ तेज बुखार रहने पर स्वाइन फ्लू टेस्ट कराए




जाने के निर्देश दिए गए हैं.

**15 दिन में स्वाइन फ्लू से 6 लोगों की मौत**- 9 अगस्त को कोरिया जिले की 51 साल की महिला की मौत हो गई थी. इसके बाद 10 अगस्त को जांजगीर-चांपा जिले की 66 साल की महिला की जान चली गई थी. 11 अगस्त को बिलासपुर जिले में एक महिला की मौत हो गई थी. फिर एक दिन बाद 13 अगस्त को राजनांदगांव में 4 साल की बच्ची जान चली गई. 20 अगस्त को मनेंद्रगढ़ में 41 साल के एक युवक की मौत हो गई. 21 अगस्त को राजनांदगांव में एक युवक की स्वाइन फ्लू से मौत हो गई.

**क्या है स्वाइन फ्लू ?** - स्वाइन फ्लू एक वायरल इंफेक्शन है, जो सूअरों से मनुष्यों में फैलता है.नियमित इन्फ्लूएंजा और स्वाइन फ्लू के लक्षण बहुत मिलते-जुलते हैं. गर्मी और मानसून के मौसम में स्वाइन फ्लू के मामले बढ़ जाते हैं. स्वाइन फ्लू ॥1ह्1 इन्फ्लूएंजा एक इंसान से दूसरे इंसान में फैलता है. जब कोई व्यक्ति खांसता या छींकता है, तो बूंदें हवा में चली जाती हैं. वहीं जब दूसरे इंसान सांस के माध्यम से वायरस को अंदर ले लेता हैं, तो उसे भी यह संक्रमण हो सकता है. इसके अलावा जब आप किसी दूषित सतह को छूते हैं और फिर अपने मुंह, नाक या आँखों को छूते हैं, तो भी आपको संक्रमण हो सकता है.

**स्वाइन फ्लू के लक्षण** - बुखार आना, सिरदर्द होना, खांसी आना, छींक आना, ठंड लगना, डायरिया होना, गले में खराश होना, थकान, नासिका मार्ग ब्लॉक होना किन लोगों को स्वाइन फ्लू का खतरा ज्यादा है- गर्भवती महिलाएं, हृदय रोग के मरीज, डायबिटीज के मरीज 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को और 2 साल से छोटे बच्चे को स्वाइन फ्लू से खतरा बढ़ जाता है।

nandgaon times aug-26-3.qxd 8/25/2024 11:03 PM Page 2



# 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

## प्रदेश के 5 संभागों के बालक-बालिका हॉकी स्पर्धा में ले रहे हिस्सा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 24 से 27 अगस्त 2024 तक आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत नेहरू हॉकी बालक 15 व 17 वर्ष एवं बालिका 17 वर्ष की स्पर्धा का शुभारंभ अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटफ़ हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में किया गया। प्रतियोगिता में राज्य के 5 संभाग बस्तर, बिलासपुर, सरगुजा, रायपुर एवं मेजबान दुर्ग अंतर्गत नेहरू हॉकी के बालक वर्ग 15, 17 वर्ष एवं बालिका वर्ग 17 वर्ष में प्रतिभागी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष श्री खूबचंद पारख, कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री भरत वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज सेवी श्री राजेन्द्र गोलछा व डॉ. श्रीमती रेखा मेश्राम उपस्थित थे।

बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष श्री खूबचंद पारख ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पेरिस में आयोजित ओलंपिक में देश को उम्मीद थी कि भारतीय हॉकी टीम गोल्ड मेडल लेकर भारत आएगी लेकिन संयोग ऐसा रहा कि हमें कांस्य पदक प्राप्त हुआ। मगर हमारे खिलाडियों ने अच्छे खेल से खेल प्रेमियों का दिल जीत लिया। उन्होंने कहा कि खिलाडियों को हमेशा बेहतर से बेहतर खेल



प्रदर्शन की कोशिश करनी चाहिए। खेल में अनुशासन के साथ खेल भावना की उदारता होती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी खेलो इंडिया के माध्यम से सभी तरह के खेलों को बढ़ावा दे रहे हैं और भविष्य में भारत में ओलंपिक खेल का आयोजन हो इसके लिए प्रयासरत है।पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री भरत वर्मा ने कहा कि देश में राजनांदगांव की हॉकी की नर्सरी के रूप में पहचान है। इस तरह के आयोजनों से हमें बहुत कुछ सीखने मिलता है। खेल अनुशासन के साथ ही चरित्र निर्माण का माध्यम भी है। जिला शिक्षा अधिकारी व आयोजन सचिव श्री अभय जायसवाल ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बख्शी स्कूल की बालिकाओं ने स्वागत गीत एवं महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों ने वाइडनर स्कूल के छात्रों के बैण्ड के धुन पर आकर्षक मार्चपास्ट कर आतिथियों को सलामी दी। कार्यक्रम का संचालन श्री रणविजय प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के सहसचिव एवं छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष श्री फ़िरोज अंसारी, सहायक संचालक शिक्षा श्री आदित्य खरे, प्रभारी जिला खेल अधिकारी श्री देवेन्द्र ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे। 24वीं राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के पहले दिन खेले गए 17वर्ष बालक के पहले मैच में रायपुर को 2 अंक प्राप्त हुआ। वहीं दुसरे मैच में सरगुजा व बिलासपुर का मैच बराबरी पर रहा। तीसरे मैच में दुर्ग ने रायपुर को 2-0 गोल से बालिका 17 वर्ष वर्ग में बस्तर ने रायपुर को 14-0 गोल से सरगुजा ने बिलासपुर को 5-0 गोल से दुर्ग ने रायपुर को 8-0 गोल से 15 वर्ष बालक वर्ग में बस्तर ने रायपुर को 8-0 गोल से सरगुजा ने बिलासपुर को 3-0 गोल से दुर्ग ने रायपुर को 15-0 गोल से पराजित किया।

## कविराज टोला गांव स्कूल शिक्षक विहीन

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगाव ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला कविराज टोला गांव स्कूल में शिक्षा का हाल बेहाल है। स्कूल में पदस्थ शिक्षकों का प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति होने से शिक्षक विहीन हो गया है। कविराज टोलागांव के प्राइमरी स्कूल में दर्ज संख्या 55 है शाला में दो शिक्षकाओ रेखा देशलहरें एवं जयश्री गोखे सहायक शिक्षक एलबी पदस्थ थी ।



**शिक्षकों की व्यवस्था नहीं होने से पढ़ाई चौपट हो गई है**

ग्राम- कविराजगांव में सरपंच रोशन बंजारे शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ओम भाई, रोहित टंडन ,मंथीर राम, रामविलास, बसंती निषाद ,मंजू मानिकपुरी, सोहद्रा टंडन ,चुन्नी सकिता ,रामकिशन ,उमा सिंह सहित ग्राम वासियों ने स्कूल में शिक्षकों की व्यवस्था नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई चौपट होने की आवेदन डोंगरगांव बीईओ और एस डी एम को दिया है अभी प्राथमिक शाला मोहभठ्ठा के सहायक शिक्षक एलबी संजय कुमार साहू की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है पालकों ने शीघ्र ही शिक्षकों की व्यवस्था नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## एक पेड़ मां के नाम के तहत सेवा सहकारी समिति खुज्जी के कर्मचारियों द्वारा किया गया वृक्षारोपण

**खुज्जी ( नांदगांव टाइम्स )।** आज दिनांक 24/08/2024 दिन शनिवार को हलषष्ठी के पावन पर्व पर सेवा सहकारी समिति खुज्जी के समिति प्रबंधक जितेंद्र कुमार यादव एवम समस्त कर्मचारियों ने एक पेड़ मां के नाम इस मुहिम के तहत वृक्षारोपण किया विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में शुरू हुआ एक पेड़ मां के नाम अभियान गति पकड़ने लगा है. इस अभियान से न केवल संस्थाएं,स्कूल,कॉलेज,हॉस्पिटल बल्कि सामाजिक संगठन भी आगे आकर जुड़ने लगे है. पेड़ का महत्व- पेड़ लंबे समय तक प्रदूषण मुक्त वातावरण की कुंजी हैं क्योंकि वे ऑक्सीजन प्रदान करने, हवा की गुणवत्ता में सुधार, जलवायु सुधार, जल संरक्षण, मिट्टी संरक्षण और वन्य जीवन का समर्थन करने के लिए जिम्मेदार हैं। इन सभी कारणों से वर्तमान परिदृश्य में वृक्षारोपण आवश्यक हो गया है क्योंकि प्रदूषण चरम पर है। कुछ हद तक प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए वृक्षारोपण ही एकमात्र उपाय है। पेड़ों के बिना, पृथ्वी पर जीवन नहीं होता। पेड़-पौधे कई तरह से पर्यावरण को स्वस्थ रखने में बहुत योगदान देते हैं। इस दिशा में हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह प्रयास करें और अपना योगदान दे।



# सदस्यता अभियान के तहत् ब्लॉक में 26 हजार सदस्य बनायेगी भाजपा

## 1 सिंतबर से व्यापक रूप से चलेगा अभियान

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विश्व की सबसे बड़ी और एकमात्र राजनीतिक पार्टी भाजपा ने आगामी दिनों में ब्लॉक में 26 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। पहली बार सदस्यता अभियान पूरी तरीके से हाईटेक और मोबाईल बेस्ड होगा। इसके लिए ब्लॉक में 200 कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग दिया जायेगा। प्रदेश तथा जिला हाईकमान के निर्देश पर पूरे देश में 1 सितंबर से प्रारंभ हो रहे भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान की तैयारी की दृष्टि से मंडल भाजपा की एक आवश्यक बैठक आज स्थानीय यादव भवन में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि पार्टी ने प्रत्येक बूथ से इस बार 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया है। डोंगरगांव ब्लॉक में लगभग 132 बूथ हैं। इस प्रकार हमें कुल 26 हजार सदस्य बनाना है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में नये पुराने सभी सदस्यों को जुड़ना है। सभी को पुन: सदस्यता ग्रहण करना है। श्री यादव ने यह भी बताया कि इस बार



सदस्यता अभियान पूरी तरह से हाईटेक और मोबाईल बेस्ड है। पिछली बार 2014 में हुए सदस्यता अभियान में ऑनलाईन के अलावा पर्ची कटाकर सदस्यता प्राप्त करने का भी विकल्प था। लेकिन इस बार मेनुअल पद्धति को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। पार्टी ने इसके लिए टोलफ्री नंबर ८८००००२०२४ जारी किया है, जिसमें मिस्ड कॉल करते ही हमें गूगल पेज प्राप्त होगा, जिसको भरकर सबमिट करने पर सदस्यता प्रमाण पत्र प्राप्त होगा। इसके अलावा नमो ऐप डाऊनलोड कर तथा क्यूऑर कोड स्केन कर भी सदस्य बना जा सकता है। इससे पहले पूर्व जिला महामंत्री दिनेश गांधी ने बताया कि इस वर्ष पार्टी ने पूरे देश में लगभग 26 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए पार्टी द्वारा व्यापक तौर पर प्रदेश, जिला के बाद मंडल तथा ग्रामीण स्तर पर कार्यशाला का आयोजन कर रही है। डोंगरगांव मंडल में भी आम लोगों तथा बूथ स्तर तथा गांव गांव तक पहुंचने के लिए ऐसे 200 कार्यकर्ताओं का चयन किया जाना है। उन्होंने यह भी बताया कि 100 सदस्य बनाने वाले को सक्रिय सदस्यता तथा 3 हजार सदस्य बनाने वाले को प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री के साथ भोज करने का अवसर प्राप्त होगा। बैठक में सदस्यता अभियान के मंडल संयोजक जागेश्वर यादव राजू, सह संयोजक योगेश पटेल, डिकेश साहू, तथा भाविश निक्की ने अभियान के संबंध में संक्षिप्त रूपरेखा रखी। इससे पहले मंडल प्रभारी विरेन्द्र जैन तथा मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने इस अभियान को गति देने के लिए कार्यकर्ताओं से स्वस्फूर्त जुटने का आव्हान् किया। साथ ही किसी भी हालत में लक्ष्य तक पहुंचने के लिए कमर कसने की बात कही। बैठक में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष सावन वर्मा, जिपं सदस्य इन्दूमति साहू, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, डॉ. निरेन्द्र साहू, राजेन्द्र जैन बंटू, दिलीप साहू आदि मंचस्थ थे। बैठक में बड़ी संख्या में नगरीय क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मनुष्य अपने कर्म और भाग्य अनुसार जीवन में कुछ पाते और खोते हैं - हारुन मानिकपुरी

**छुरिया/राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सृष्टि की रचना बहुत ही नियोजित ढंग से हुई है। इस संसार में जन्म लिए हर मनुष्य के पास असीमित शक्ति है। सब कुछ नियोजित है, विधाता के द्वारा किया गया प्रबंधन बहुत ही बेहतरीन है। वक्त के साथ सारे कार्य स्वमेव संचालित होते हैं। जन्म मरण सुख दु:ख सब कुछ तय है। कब किस पल क्या होना है।



जीवन में पूर्ण रूप से सुखी कोई नहीं और हर मनुष्य अपने कर्म और भाग्य के अनुसार जीवन में कुछ पाते और खोते हैं। जिनके पास रोटी,कपड़ा, मकान तो दुर एक वक्त का भोजन भी मुश्किल से मिलता है , नसीब का खेल है सब। जो है उसे संभाल कर रखिए हमें भी जिंदगी में बहुत से मौके मिलते हैं,लेकिन हम हमेशा उससे बेहतर की तलाश या लालच में उस मौके को भी गंवा देते हैं। हमें हर मौके को बेहतरीन समझना चाहिए। जब भी कोई मनुष्य अपने भीतरीपन को समझ लेता है, अपने एकांत से ठीक से गुजर जाता है। तब उसके जीवन में श्रेष्ठ जन्म लेता है। पहले एकांत से स्वयं को साधो,सक्षम बनों, फिर संसार में उतरो श्रेष्ठता जब भी जन्मेगी एकांत में ही जन्मेगी और इसके लिए एकांत साधना पड़ेगा। और आनंदित होने का प्रयास कीजिए। हारुन मानिकपुरी कहते हैं हर पल जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए ह्रदय स्पर्शी आंनद पूर्ण वजह होना जरूरी है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान अन्तर्गत महाविद्यालय में वृक्षारोपण

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शा. डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव के इतिहास विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। प्राचार्य डॉ बी. एन. मेश्राम के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया । देशव्यापी एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत फलदार पौधे आम, जामुन ,कटहल,अमरूद तथा औषधीय पौधे लौंग आदि का रोपण किया गया। महाविद्यालयीन प्राचार्य, जनभागीदारी समिति से अध्यक्ष योगेश पटेल एवं अन्य ,सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) डॉ.ए. के. धमगाए ,राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. आशाराम साहू एवं इतिहास विभाग से सहायक प्राध्यापक प्रियांकी गजभिए के द्वारा पौधरोपण किया गया। प्राचार्य तथा जन भागीदारी समिति ने इस दौरान उपस्थित विद्यार्थियों से पौधों के संरक्षण की अपील की। बी.ए (तृतीय वर्ष) इतिहास से केवल पटेल,यमुना , हिमांशी, एस कुमार, दुलेश्वरी, अमीषा, प्रियंका ,सुनील एवं प्रहलाद ने पौधरोपण गतिविधि के दौरान सक्रिय सहयोग दिया।



# आयुष्मान कार्ड बनाना हुआ आसान...

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासन के निर्देशानुसार जिले में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन का कार्य किया जा रहा है। राजनांदगांव जिले में आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए पात्र राशन कार्डधारी हितग्राही अनुसार निर्धारित लक्ष्य 9 लाख 39 हजार 886 में से 8 लाख 73 हजार 712 पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड हेतु पंजीयन किया गया है, जो निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 92.95 प्रतिशत है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि जिले में आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु शेष 66,174 पात्र हितग्राहियों का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन के संबंध में जिला स्तरीय कार्यशाला व प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आयुष्मान कार्ड पंजीयन की प्रक्रिया मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से हितग्राहियों द्वारा अपने व अपने परिवार के सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन आसानी से किये जाने की पूरी प्रक्रिया को वीडियो के माध्यम से जानकारी दी गई। जिला प्रबंधक सीएससी श्री आशीष स्वर्णकार एवं श्री रवि सोनी को जिले में आयुष्मान कार्ड के पंजीयन के लिए शेष हितग्राहियों की ग्रामवार व वार्डवार मोबाईल नम्बर सहित सूची प्रदान कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पंजीकृत शासकीय व निजी चिकित्सालयों में योजनांतर्गत नि:शुल्क ईलाज प्राप्त करने की प्रक्रिया के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में ई-डीएम चिप्स श्री सौरभ मिश्रा, जिला परियोजना समन्वयक आयुष्मान भारत श्री ऐश्वर्य साव, नगर निगम राजनांदगांव से श्री घनश्याम देवांगन, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ से श्री कमलेश देवांगन, नगर पंचायत डोंगरगांव से श्री नरेन्द्र मेश्राम, महिला बाल विकास विभाग से श्री महेश साहू सहित राजनांदगांव जिला अंतर्गत संचालित आधार सेवा केन्द्र, च्वॉइस सेंटर के संचालक व व्हीएलई उपस्थित थे।

## अभियंता दिवस को सफल बनाने इंजीनियरों की बैठक संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आगामी 15 सितंबर को अभियंता दिवस मनाने जिले के अभियंता परिवार की बैठक लोक निर्माण विभाग के न्यू सर्किट हाउस (रानी सागर) में संपन्न हुई। विगत दिवस जिला अभियंता संघ के अध्यक्ष राजशेखर मेश्राम के नेतृत्व में आयोजित हुई। जिसमें अभियंता दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अभियंताओं को अलग-अलग जवाबदारी सौपी गई। बैठक में इंजीनियर राजशेखर मेश्राम के साथ समस्त इंजीनियर उपस्थित थे।



## सप्ताह के सितारे (26 अगस्त 2024)

## दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 2- 3- 8 - 0 | 23-32-28-82-38-83 |
| मंगल | 1- 3 - 7 - 9 | 37-73-39-93-79-97 |
| बुध | 2 - 4 - 5 - 7 | 24-42-27-72-47-74 |
| गुरू | 1- 4 - 8 - 9 | 48-84-49-94-89-98 |
| शुक्र | 2 - 3 - 4 - 8 | 29-92-34-43-78-87 |
| शनि | 3 - 5 - 6- 0 | 67-76-12-21-09-09 |

**अंकों का बादशाह -3 सप्ताह में अचूक 1 - 5 - 6 - 0**

**सप्ताह का वरदान -8 स्पेशल - 52- 12 -68 -08**

**सप्ताह में देखे**

| | |
|---|---|
| (1) 11 - 15 - 16 - 10 | (6) 61 - 65 - 66- 60 |
| (2) 21 - 25 - 26 - 20 | (7) 71 - 75 - 76 - 70 |
| (3) 31 - 35 - 36 - 30 | (8) 81 - 85 - 86 - 80 |
| (4) 41 - 45 - 46 - 40 | (9) 91 - 95 - 96 - 90 |
| (5) 51 - 55 - 56 - 50 | (10) 01 - 05 - 06 - 00 |

**बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड**

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 55-13-34-31-39-89 | 81-82-51-45-98 |
| 94-23-27-13-81-49 | 39-34-58-12-31 |
| 07-67-46-49-64-87 | 91-12-08-45-67 |
| 16-99-40-**-33-81 | 67-27-03-**-16 |
| 04-45-24-16-89-28 | 06-71-06-01-39 |

**चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।**

संपादक

# चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल मे कृष्ण जन्मोत्सव एवं दही लूट

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल मे शनिवार को कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया । जिसमें सभी बच्चे वृन्दावन भगवान श्री कृष्ण, राधा रानी, मित्र सुदामा एवं माता यशोदा के रूप मे तैयार होकर आये । कार्यक्रम की शुरुआत सभी बच्चों की आरती उतार कर की गयी । तत्पश्चात सभी बच्चों के बीच बेस्ट कृष्णा , राधा और सुदामा की प्रतियोगिता आयोजित की गयी । और बच्चों के द्वारा कृष्ण- सुदामा पर आधारित नाटक तथा राधा रानियों के साथ श्री कृष्ण की रास लीला नृत्य की प्रस्तुति दी गयी । अंत मे दही लूट का आयोजन किया गया । जिसमें बड़ी संख्या मे बच्चों एवं अभिभावकों ने आनंद लिया । प्रतियोगिता मे श्री कृष्ण के रूप मे कक्षा- प्ले से प्रथम स्थान पर आदित्य गुप्ता , अर्णव देवांगन , रुद्र महेश्वरी रहे । इसी प्रकार दूसरे स्थान पर नोमित ठाकुर , रियांश जैन , युवांश महेश्वरी रहे । तीसरे स्थान पर अनंत देवांगन , आव्यान यादव , नीलांश शाबला , रिया देवांगन रहे । एवं राधा रानी के रूप मे प्रथम स्थान पर आदविक महेश्वरी , अदिति नाहता , प्रियांशी जैन रही । नर्सरी से श्री कृष्ण प्रथम स्थान पर - मेहुल भट्ट , प्रणव सिंह रहे । दूसरे स्थान पर - आरव जैन , कृदय एवं क्रियांश देवांगन , मौर्य सोनकर , लाविश कटले, शौर्य जैन , यांश मेश्राम रहे । राधा रानी के रूप मे प्रथम स्थान पर सानवी साहू रही । दूसरे स्थान पर अंशिका गुप्ता , दिलीशा साहू रही । के.जी.1 से श्री कृष्ण प्रथम स्थान पर रुद्र देवांगन रहे । दूसरे स्थान पर शौर्य शाबला, ऋषभ कुम्भकार रहे । तीसरे स्थान पर निखिलेश जांगड़े , मोक्ष पटेल , कुशाग्र अग्रवाल रहे । राधा रानी प्रथम स्थान पर अवनी वैष्णव , लावण्या निशाद , सिया कुंवर रही । दूसरे स्थान पर आव्या पंसारी , हिमानी महेश्वरी , अविका कुंवर , मौली साहू रही । तीसरे स्थान पर वान्या साहू , योगिता पाटेल रही। मित्र सुदामा के रूप मे प्रथम स्थान पर आरव चक्रधारी रहे । के.जी.2 से कृष्ण प्रथम स्थान पर आर्यन कांदे रहे । दूसरे स्थान पर ओम साहू और तीसरे स्थान पर अयान मेश्राम रहे। श्री राधा रानी प्रथम स्थान प्रिशा वैष्णव रही । दूसरे स्थान पर रक्षा गुप्ता , डिंपल सोनी , नव्यता कुम्भकार रही । तीसरे स्थान पर भूमि साहू रही। अंत मे संस्था प्रमुख अनिल रुपलानी द्वारा सभी बच्चों को चॉकलेट वितरण किया गया। समस्त कार्यक्रम में स्कूल शिक्षिकाएं सेजल जैन , पायल कुंजाम , अर्चना साहू , सिया जैन , नाज़िया खान ,चंचल यदु , करिश्मा साहू , प्रीति कुलदीप मौजूद थे।



nandgaon times aug-26-3.qxd 8/25/2024 11:04 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) इंडिया ट्रैवल अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डे का पुरस्कार किसे प्रदान किया गया है?*

*2) लता मंगेशकर पुरस्कार से हाल ही में किसे सम्मानित किया जाएगा?*

*3) कील नहर किस देश में स्थित है?*

*4) डीएलआर किस देश का अंतरिक्ष केंद्र है?*

*5) एड्रियन स्मिथ किस इमारत का निर्माण किया था?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) हैदराबाद हवाई अड्डा (2) उत्तम सिंह और के एस चित्रा (3) जर्मनी (4) जर्मनी (5) बुर्ज खलीफ़ा

# स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जिले के सभी ग्रामों में मनाया गया स्वच्छता त्यौहार

## कलेक्टर ने ग्राम तुमड़ीबोड़ में आयोजित स्वच्छता त्यौहार में शामिल होकर ग्रामीणों को दिया स्वच्छता का संदेश







**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जिले के सभी ग्रामों में प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं और ग्रामों के चौक-चौराहों, मोहल्लो एवं बाजार सहित अन्य स्थलों की साफ-सफाई कर रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा गांव को ओडीएफ प्लस मॉडल बनाने और स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार डोंगरगांव विकासखंड के प्रत्येक गांव में स्वच्छ भारत मिशन के तहत ओडीएफप्लस मॉडल के स्थायित्व को बनाये रखने के लिए के लिए स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रत्येक गांव में अत्यंत हर्ष एवं उल्लास के साथ स्वच्छता त्यौहार मनाया गया। जिसमें स्कूली बच्चे, शिक्षक, पंच, सरपंच, स्वेच्छाग्राही एवं ग्रामवासियों ने हिस्सा लेकर गली, चौक-चौराहे की साफ-सफाई की। इस अवसर पर रैली, चौपाल के माध्यम से ओडीएफ प्लस, मिशन लाईफ स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन की जानकारी देते हुए समुदाय को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम तुमड़ीबोड़ में आयोजित स्वच्छता त्यौहार में शामिल होकर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरुचि सिंह ने ग्रामवासियों के साथ मिल कर साफ-सफाई की और उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

कलेक्टर ने कहा कि गांव एवं पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पर्यावरण अनुकूल व्यवहार करने की आवश्यकता है। उन्होंने खुले में कचरा को फेंकने या जलाने से होने वाले दुष्प्रभाव के संबंध में जानकारी दी। कचरा प्रबंधन में गीला एवं सूखा कचरा की पहचान व वर्गीकरण के बारे में बताया। उन्होंने प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने ग्रामीणों से गांव में स्वच्छाग्राही दीदीयों को सूखा अजैविक कचरा देने एवं सेवा शुल्क के रूप मे ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित शुल्क प्रतिमाह निर्धारित समय-सीमा में प्रदान करने का आग्रह किया। जिन दुकानों एवं घरों से कचरे बाहर गली में फेंके जाते हैं, उन्हें कचरे को इधर-उधर नहीं फेंककर डस्टबिन में कचरा एकत्र कर स्वेच्छाग्राही दीदी को देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव की साफ-सफाई की और पौधरोपण किया। उन्होंने ग्रामीणों, स्कूली बच्चों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक, नृत्य, चित्रकला के माध्यम से स्वच्छता के लिए जागरूक करने का प्रयास किया गया। बच्चों एवं स्वेच्छाग्राही दीदीयों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती भुवनेश्वरी साहू, सरपंच श्री टीकम पटेल, एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोर्राम, जनपद सीईओ श्री नवीन कुमार, परियोजना अधिकारी श्रीमती भगवती साहू, जिला समन्वयक श्री छोटेलाल, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी होरीलाल साहू, एबीईओ शिक्षा विभाग सुश्री रश्मि ठाकुर, जिला समन्वयक श्री बसंत कुमार मारकंडे, वर्ल्ड विजन इंडिया, यूनिसेफ विकासखंड समन्वयक श्रीमती मेघा कुर्रे, सचिन श्री देवेंद्र साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, शिक्षक, विद्यार्थी, ग्रामीण, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## भारत सरकार के आदेशानुसार नशा मुक्ति जागरूकता सपथ का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ.अंजना ठाकुर मैम के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा





योजना के कार्यक्रम अधिकारी इकाई 1 प्रो. करुणा रावटे एवं कार्यक्रम अधिकारी इकाई 2 प्रो. संजय सप्तर्षि के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अंतर्गत भारत सरकार के आदेशानुसार नशा मुक्ति शपथ ग्रहण लिया गया और नशा मुक्ति जन जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य लोगों को नशे से दूर रहने हेतु जागरूक करना था। कार्यक्रम में लगभग 75 स्वयंसेविकाएं और 25 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय मार्शल आर्ट 3 कूड़ो प्रतियोगिता का आयोजन

**दुर्ग।** जिले के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में 20 से 23 अगस्त के बीच



किया गया जिसमें राज्य के 18 जिलों के 360 खिलाड़ियों ने मार्शल आर्ट में अपनी प्रतिभा दिखाई जिसमें डोंगरगढ़ के दुष्यंत पाद्रे ने कोच मुकेश साहू की अगुवाई में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम रेंक प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया है उनके इस सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के चलते उनका चयन राष्ट्रीय स्तर पर मार्शल आर्ट में किया गया है। दुष्यंत पंद्रे पिता हेर सिंग पंद्रे माता सुनीता पंद्रे ने डोंगरगढ़ के साथ-साथ पूरे जिले का नाम रोशन किया उनके इस उपलब्धि पर गांव के सरपंच मनीषा नेताम, चूमन दास साहू जिला महामंत्री कांग्रेस एवं जनप्रतिनिधियों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# आकांक्षी ब्लॉक अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अं.चौकी में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मोहला के मार्गदर्शन में आकांक्षी ब्लॉक अंतर्गत गतदिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंबागढ़ चौकी में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.आर.आर. धुर्वे की अध्यक्षता में विकासखंड के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटजी के तहत सभी ए.एन.एम, आर.एच.ओ, सी.एच.ओ. सुपरवाईजर का क्षमता निर्माण हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अं.चौकी में रखा गया। प्रशिक्षण में श्रीमती सविता साहू आकांक्षी ब्लॉक फेलो एवं प्रशिक्षण में सभी चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में डॉ. आर.आर.धुर्वे खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अं.चौकी द्वारा गर्भवती माताओं का पंजीयन के बारे में विस्तार से जानकारी दिया एवं 3 माह के अंदर पंजीयन करने के बारे में जानकारी दिया गया। हितग्राही को आयरन गोली, इंजेक्शन, टी.बी., बी.पी, शुगर, वजन, हाई रिस्क के बारे में जानकारी दिया गया। डॉ. प्रणय प्रधान



चिकित्सा अधिकारी द्वारा संस्थागत प्रसव, जन्म के बाद बच्चों में कम वजन कुपोषण के बारे में जानकारी दिया गया। डॉ. गुलशन नेताम चिकित्सा अधिकारी द्वारा उच्च रक्तचाप की जांच एवं उपचार के बारे में प्रशिक्षण दिया गया तथा क्षेत्र में जाकर ग्रामीण जनता को सेवा प्रदान करने के बारे में जानकारी दिया गया। डॉ.दीक्षाणी खुटाटे चिकित्सा अधिकारी द्वारा मधुमेह की जांच एवं उपचार के बारे में अधिक से अधिक लोगों का पंजीयन एवं उपचार के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। श्री देवसिंग कंवर एस.टी.एस. टीवी के द्वारा शंकाप्रद टी.बी. मरीज का पंजीयन का उपचार के बारे में बताया गया। ग्राम में सरपंच एवं पांच मितानिन एवं ग्रामीण जनता को टी.बी. के बारे में गांव में जाकर लक्षण के बारे में बताने की जानकारी दिया गया। साथ ही मरीज धानात्मक आने पर शिघ्र उपचार करने कहा गया। कार्यक्रम में श्री विनोद यादव बी.पी.एम, श्री जी.एस.रामटेके एन.एम.ए., श्री अजय पल्लीवार सुपरवाईजर एवं समस्त सी.एच.ओ, ए.एन.एम., आर.एच.ओ. उपस्थित रहे।

## दुर्ग संभाग के बालक बालिकाओं ने तीनो वर्ग में जीत दर्ज की

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्कूल शिक्षा विभाग छ.ग. शासन के



तत्वधान में आयोजित 24वीं राज्यस्तरीय शालेय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता के तहत आज आठ मैच खेले गए।अंतरष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में जिला शिक्षा विभाग व छत्तीसगढ़ हॉकी के निगरानी में आयोजित हो रही स्पर्धा के पहले मैच में अंडर 17 बालक वर्ग का सरगुजा विरुद्ध दुर्ग के मध्य खेला गया जिसमें हॉकी दुर्ग ने अपने अच्छे खेल का परिचय देते हुए सरगुजा को 3 गोल से पराजित किया वंही आज का दूसरा मैच अंडर 17 बालिका वर्ग में हॉकी दुर्ग और हॉकी सरगुजा के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले में 2-2 गोल की बराबरी पर रही तीसरे मैच में अंडर 15 बालक वर्ग में दुर्ग ने सरगुजा को 4-1 गोल से पराजित किया चौथे मैच में अंडर 17 बालक वर्ग के मैच में बिलासपुर ने रायपुर को 3-0 गोल से पराजित किया पांचवे मैच में अंडर 17 बालिका वर्ग में रायपुर ने रोमांचक मुकाबले में बिलासपुर को 3-2 गोलो से पराजित किया वंही अपरान्ह में खेले गये छठवाँ मैच अंडर 15 बालक वर्ग में एकतरफा मुकाबले में बिलासपुर को 8-0 गोल पराजित किया सातवें मैच में अंडर 17 बालिका बस्तर और सरगुजा 1-1 गोल की बराबरी पर रही आंठवा मैच अंडर 15 बालक वर्ग में खेले गए मैच में बस्तर ने सरगुजा को 2-0 गोल से पराजित किया मैच के पूर्व उपस्थित अतिथियों ने मैदान की बीच पहुँचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दी।

# मोदी सरकार की नई पेंशन योजना से सरकारी कर्मचारियों की बल्ले बल्ले - हैरी जोसेफ

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ने शासकीय कर्मचारियों को दी बधाई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** देश की समझदार जनता द्वारा तीसरी बार केंद्र में स्थापित की गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने एक दशक में कई हम बड़े फैसले किए हैं। उससे देश विश्व भर में सिरमौर बना हुआ है। जिससे भारत की साख बढ़ी है। यह कहते हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हैरी जोसेफने केंद्र सरकार के नए फैसले की ओर सबका ध्यान आकर्षित किया है। जिसमें देश भर के शासकीय कर्मचारियों को बड़ा फायदा मिलने वाला है। इस निर्णय के तहत न सिर्फ केंद्र सरकार के कर्मचारी लाभान्वित होंगे अपितु राज्य सरकार के भी कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। यह योजना एकीकृत पेंशन योजना के नाम से शासकीय कर्मचारियों को गदगद कर रही है। श्री जोसेफ ने सभी गवर्नमेंट अप्लाइज को बधाई देते हुए योजना के बारे में सब विस्तार बताया है। कि केंद्र सरकार ने पेंशन योजना को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इसमें नई पेंशन स्कीम की जगह सरकारी कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम का ऐलान किया गया है। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में इस योजना को लेकर सहमति बनी है। इस योजना के लागू होने से देश के लाखों सरकारी कर्मचारियों को लाभ होगा। 01 अप्रैल 2025 से लागू होगी। इसका फायदा 23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को होगा। सरकार कर्मचारी के बेसिक सैलरी का 18 त्नकॉन्ट्रिब्यूट करेगी। न्यू पेंशन स्कीम में कर्मचारी को 10 प्रतिशत अपने मूल वेतन का



जमा करना होता है। सरकार 14 प्रतिशत योगदान देती है। दस हजार रुपये न्यूनतम पेंशन मिलेगी यूनिफाइड पेंशन स्कीम के तहत अगर किसी कर्मचारी ने 25 साल तक काम किया है तो रिटायरमेंट के पहले जॉब के आखिरी 12 महीने के बेसिक का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में मिलेगा। यदि किसी पेंशनभोगी की मृत्यु हो जाती है, तो उसके परिवार को पेंशन का 60 त्न मिलेगा। वहीं, अगर कोई दस साल बाद जॉब छोड़ देता है तो उसे दस हजार रुपये पेंशन मिलेगी।कर्मचारियों के पास न्यू पेंशन स्कीम और यूनिफाइड पेंशन स्कीम में से किसी एक को चुनने का विकल्प होगा। यूपीएस के पांच स्तंभ है। 50 प्रतिशत पेंशन इस स्कीम का पहला पिलर है। दूसरा सुनिश्चित पारिवारिक पेंशन है। भारत की इकोनॉमी और केंद्र सरकार के बजट को समझने के लिए रिजर्व बैंक के साथ भी मीटिंग की गई। इसके बाद यूपीएस को लागू किया गया। इससे केंद्र पर वर्ष 2025- 26 के दौरान ही 6250 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। चुनावी माहौल में इसे सरकार की ओर से बड़ा राजनीतिक मोहरा भी माना जा रहा है। यूक्रेन से यात्रा के बाद शनिवार दोपहर नई दिल्ली पहुंचे पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक देर शाम को हुई जिसमें यूनीफाइड पेंशन स्कीम के बारे में फैसला किया गया।

## धर्म समाचार....

# भादों के प्रदोष व्रत पर करें महादेव का राशि अनुसार अभिषेक, खुल जाएंगे किस्मत के बंद दरवाजे

सनातन धर्म में सभी तिथि किसी न किसी देवी-देवताओं को समर्पित है। ठीक इसी प्रकार त्रयोदशी तिथि पर भगवान शिव की पूजा करने का विधान है। मान्यता है कि महादेव की सच्चे मन से पूजा करने से जीवन की सभी समस्या का अंत होता है। इस दिन पूजा के दौरान जातक को राशि अनुसार महादेव का अभिषेक करना चाहिए। ऐसा करने से जीवन में शांति प्राप्त होती है। हिंदू धर्म में प्रदोष व्रत का अधिक महत्व है। हर माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि प्रदोष व्रत किया जाता है। इस तिथि पर भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही सुख-समृद्धि में वृद्धि के लिए व्रत किया जाता है। यदि आप देवों के देव महादेव का आशीर्वाद प्राप्त करना चाहते हैं, तो प्रदोष व्रत की पूजा के दौरान राशि अनुसार महादेव का अभिषेक करें। मान्यता है कि ऐसा करने से साधक की किस्मत चमक सकती है।

प्रदोष व्रत- पंचांग के अनुसार, भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि की शुरुआत 31 अगस्त को देर रात 02




बजकर 25 मिनट पर होगी। वहीं, इस तिथि का समापन अगले दिन यानी 01 सितंबर को देर रात 03 बजकर 40 मिनट पर होगा। त्रयोदशी तिथि पर प्रदोष काल की पूजा करने का विधान है। इसलिए 31 अगस्त को प्रदोष व्रत मनाया जाएगा।

**शिव जी का राशि अनुसार अभिषेक**

मेष राशि के जातक प्रदोष व्रत की पूजा में महादेव का गंगाजल से अभिषेक करें।

वृषभ राशि के जातक प्रदोष व्रत के दिन शिव जी का दूध से अभिषेक करें।

मिथुन राशि के जातक प्रदोष व्रत पर भगवान शिव का दूध में दूर्वा मिलाकर अभिषेक करें।

कर्क राशि के जातक प्रदोष व्रत पर प्रभु का शुद्ध घी से अभिषेक करें।

सिंह राशि के जातक प्रदोष व्रत के दिन गंगाजल में रोली मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक करें।

कन्या राशि के जातक प्रदोष व्रत पर शिव जी का गंगाजल में दूर्वा मिलाकर अभिषेक करें।

तुला राशि के जातक प्रदोष व्रत पर पंचामृत से भगवान शिव का अभिषेक करें।

वृश्चिक राशि के जातक प्रदोष व्रत पर भगवान शिव का दूध में शहद मिलाकर अभिषेक करें।

धनु राशि के जातक प्रदोष व्रत के दिन शिव जी का दूध में केसर मिलाकर अभिषेक करें।

मकर राशि के जातक प्रदोष व्रत के दिन गंगाजल में काले तिल मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक करें।

कुंभ राशि के जातक प्रदोष व्रत पर भगवान शिव का नारियल के जल से अभिषेक करें।

मीन राशि के जातक प्रदोष व्रत के शुभ अवसर पर गन्ने के रस से देवों के देव महादेव का अभिषेक करें।

## अनुभवी लोगों से जुड़ें, न लें जोखिम भरे निर्णय, जानें एंजल्स की सलाह

25 अगस्त 2024 का दिन बेहद शुभ माना जा रहा है क्योंकि कई राशि के लोगों के लिए यह दिन बेहद महत्वपूर्ण होगा। वहीं कुछ के जीवन में काफी बदलाव देखने को मिलेंगे। यदि आप भी इस दिन एंजल्स की दी गई सलाह मानते हैं तो इससे आपका भी दिन बेहतर गुजरेगा। साथ ही जीवन में अच्छे परिणाम भी देखने को मिलेंगे। हिंदू धर्म में ज्योतिष शास्त्र का विशेष महत्व है। इस शास्त्र के माध्यम से आने वाले समय की जानकारी को कुछ हद तक जाना जा सकता है। वहीं, आज के दौर में टैरो कार्ड रीडर की बातें भी काफी हद तक सही साबित हो रही हैं और लोगों के जीवन की मुश्किलों को दूर करने में कामयाब हो रही हैं, तो



आइए अंक ज्योतिष और टैरो विशेषज्ञ ''पल्लवी एके शर्मा'' से जानते हैं कि आज यानी 25 अगस्त का दिन कैसा रहने वाला है और आपको किन-किन बातों का ध्यान रखना है?

**एंजल्स की सलाह**

अनुभवी लोगों से जुड़ें, अपने अंतर मन की आवाज को सुनें और अपने मार्गदर्शक बनें। भौतिक और आध्यात्मिक दुनिया के बीच संतुलन बनाए रखें। नई जानकारी के लिए साहसी, जिज्ञासु और रचनात्मक बनें। अपनी नेटवर्किंग पर काम करें और अपने कनेक्शन को मजबूत करें। अपनी सोशल मीडिया इमेज को अपडेट करने पर काम किया जा सकता है। पुराने या नए दोस्तों से मिलना होगा। एक शेड्यूल और कार्य सूची का पालन करें। अपने कार्यों की सराहना करें। शुक्राना, शुक्राना, शुक्राना।

**क्या न करें ?**

दूसरों के साथ दो टूक न हों। गलतफहमी में न रहें। जोखिम भरे निर्णय न लें।

**इन मंत्रों का जाप करें**

''? गं गणपतये नम:। ? नम: शिवाय। ? भूर्भुव: स्व: तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो न: प्रचोदयात''।।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देश पर जेल भरो आंदोलन में सैकड़ो युवा कांग्रेसियों ने दी गिरफ्तारी







## जेल का ताला टूटेगा देवेंद्र यादव छूटेगा एवं जय सतनाम के लगे नारे

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर- विधायक देवेंद्र यादव एवं सतनामी समाज, युवा कांग्रेस एनएसयूआई, के युवाओं को गिरफ्तार करने के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में युवा कांग्रेस द्वारा जेल भरो आंदोलन कार्यक्रम आयोजित किया गया था इसी क्रम में राजनांदगांव जिला मुख्यालय में राजनांदगांव शहर वह ग्रामीण,खैरागढ़,डोंगरगढ़, डोंगरगांव, मानपुर मोहला, खुज्जी के युवा कांग्रेसी हजारों की संख्या में राजनांदगांव कोतवाली थाना घेरने निकले और जेल भरो आंदोलन कार्यक्रम किया गयाइस दौरान सभी युवा कांग्रेसी पहले महावीर चौक में एकत्रित हुए उसके बाद जेल का ताला टूटेगा देवेंद्र यादव छूटेगा और जय सतनाम के नारे लगाते हुए कोतवाली थाना घेराव के लिऐ आगे बढ़े, दो पुलिस बैरिकेड को धाराशाही करने के बाद, पुलिस प्रसाशन से जोरदार झुमझटकी हुई जिसमें दर्जन भर युवा कांग्रेसी घायल हुए, पुलिस प्रशासन द्वारा अंतिम बैरिकेट लगभग 15 फिट का बनाया गया, पुलिस प्रशासन की इतनी अधिक व्यवस्था के चलते आंदोलन



उग्र रूप लिया तीखी नोकझोक के पश्चात सैकड़ो युवा कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने अपनी गिरफ्तारी दर्ज करायी गिरफ्तारी होते ही पुलिस प्रशासन होश में और गृह मंत्री विजय शर्मा मुर्दाबाद के नारे युवा कांग्रेसियों द्वारा लगाए गये अंतत: युवा कांग्रेस पदाधिकारी द्वारा घेरा बनाकर रघुपति राघव राजा राम का भजन गा कर अपनी गिरफ्तारी स्वीकार की जेल भरो आंदोलन में युवाओं को बल प्रदान करने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, महापौर हेमा देशमुख, पूर्व युवा आयोग अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, प्रदेश सचिव निखिल दिवेदी, मेहुल मारू उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली खान दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन युवा नेता तथागत पांडे, नीरज कन्नौजे,महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष शकील रिज़्वी, जिला अध्यक्ष राजीक सोलंकी विशेष रूप से उपस्थित थेएवं प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव अनिमेष सिंह, मानव देशमुख, चेतन भानुशाली, प्रीति वैष्णव,शहर जिला अध्यक्ष गुरबेज मखीजा, ग्रामीण जिला अध्यक्ष संदीप सिंह, खैरागढ़ जिला अध्यक्ष गुलशन तिवारी ,मानपुर मोहला जिला अध्यक्ष मनीष निर्मल, खुज्जी विधानसभा अध्यक्ष विनोद मंडलोई, डोंगरगढ़ विधानसभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव , मोहला मानपुर विधानसभा अध्यक्ष अजय राजपूत ,डोंगरगांव, शहर ब्लॉक अध्यक्ष सोहन साहू प्रदेश सचिव पवन तिवारी कुबेर वैष्णव, विप्लव शर्मा, ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष महेश सेन, गौरव शर्मा, राजनांदगांव शहर जिला उपाध्यक्ष ऋषि शास्त्री, एफज़ खान, शिवम गढ़पाले, आफ्ताब अहमद, दुर्गेश राजपूत जिला महासचिव राहुल गजभिए, सुनील कोठारी, चंद्रकांत साहु, निखिल रामटेक, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष निलेश पांडे, दामन दस, शुभम पांडेय, रौनक भफ्ना, एनएसयूआई संयुक्त महासचिव राजा यादव, जिला अध्यक्ष अमर झा,डोंगरगांव विधानसभा अध्यक्ष उज्वल निर्मलकर खैरागढ़ एनएसयूआई अध्यक्ष वाशु सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्तित थे।

## कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव एवं मूर्ति स्थापना

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अंचल के ग्राम सांगिनकछार में यादव भवन का उद्घाटन, कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव एवं मूर्ति स्थापना का



कार्यक्रम रखा गया है 26 अगस्त सोमवार सुबह 11:00 बजे इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय श्री मधुसूदन यादव जी प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़, अध्यक्षता श्री दिनेश गांधी जी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजनंदगांव विशिष्ट अतिथि श्रीमती जागृति चुन्नी यदू जिला पंचायत सदस्य, रामकुमार गुप्ता भाजपा मंडल अध्यक्ष डोंगरगांव, पुनीता पुरुषोत्तम वर्मा सरपंच सांगिनकछार यादव समाज के अध्यक्ष लेखराम यादव , सचिव पुरुषोत्तम यादव ने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## पंचम साहू को दी सेवानिवृत्ति के बाद विदाई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विद्युत यांत्रिकीय लाइट मशीनरी नलकूप एवं गेट जल संसाधन उपसंभाग राजनांदगांव के



अंतर्गत खातूटोला बैराज मे कार्यरत पंचम राम साहू के 62 वर्ष शासकीय सेवा की अवधि पूर्ण करने पश्चात विदाई समारोह का आयोजन खातूटोला बैराज में आयोजित की गई, जिसमें विभाग के अनुभागीय अधिकारी श्री खोबरागढे व श्री मंसूरी साहब तथा उपयंत्री श्री वर्मा सम्मिलित हुए । पंचम राम साहू के विभाग में सेवाकाल के दौरान उनके कर्तव्य निष्ठा के साथ किए गए कार्यों के अनुभव को याद किया गया । विभागीय अधिकारी कर्मचारियों ने सेवानिवृत होने वाले पंचम राम साहू का शाल श्रीफल वह प्रतीक चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुभाग्य अधिकारी श्री खोबरागढे व मंसूरी साहब ने सेवानिवृत होने वाले पंचम साहू के स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की तथा शेष जीवन को परिवार , समाज व देश हित में लगाने की अपील की। कार्यक्रम में राजेंद्र तिवारी, भारत धनकडर, अमरनाथ साहू, बिजेलाल लाल साहू, मन्नालाल वर्मा,अशोक तिवारी, हीरा दास साहू, सेवक यादव, उदय राम साहू, मोहन चंद्रवंशी, प्रीत निषाद, देवदास जोशी, लल्लू राम महानंद आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन अमरनाथ साहू ने तथा आभार प्रदर्शन बिजे लाल साहू ने किया।

# डॉ. रमन की अनुशंसा पर वार्ड नं.16 में मिली 22 लाख के विकास एवं निर्माण कार्यो हेतु स्वीकृति

### पूर्व सांसद मधुसूदन ने किया वार्ड नंबर 16 में विकास एवं निर्माण कार्यो का भूमिपूजन, ठाकुर प्यारेलाल वार्ड में पूर्व सांसद मधू ने देखा मन की बात का लाईव प्रसारण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के ठाकुर प्यारेलाल वार्ड क्रमांक 16 अंतर्गत, कार्यकर्ताओं व वार्डवसियो के समक्ष, पूर्व सांसद मधुसूदन ने विकास एवं निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया। ज्ञातव्य है कि डॉ0 रमन सिंह, अध्यक्ष छ.ग. विधान सभा एवं विधायक राजनांदगॉव की अनुशंसा पर वार्ड नं.16 अंतर्गत 22 लाख रू. से अधिक के विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति शाासन से प्राप्त हुई है। इन कार्यो में प्रमुख रूप से अधोसंरचना मद से वार्ड में नाली निर्माण कार्य हेतु 20 लाख रू. की राशि की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसके अलावा, शेड निर्माण कार्य हेतु ढाई लाख रूपये की राशि विधायक निधि मद से प्राप्त हुई हैं। उक्त दोनो निर्माण कार्यो के भूमिपूजन कार्यक्रम को पूर्व सांसद मधुसूदन ने अपने करकमलों से संपन्न किया। इस दौरान पूर्व सांसद मधु ने वार्डवासियों के साथ वार्ड में स्थित श्रीराम मंदिर में पहुॅचकर पूजा-अर्चना की एवं वार्डवासियों के साथ पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का



लाईव प्रसारण भी देखा। यह लाईव प्रसारण लेबर कॉलोनी गली नं.01 में संचालित अपना किराया भंडार के प्रांगण में सुना एवं देखा गया। ठाकुर प्यारेलाल वार्ड अंतर्गत आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम एवं मन की बात के लाईव प्रसारण के दौरान पूर्व सांसद के साथ किसुन यदु नेता प्रतिपक्ष नगर निगम राजनांदगॉव, पार्षद पारस वर्मा, पार्षद गगन आईच, भाजपा मंडल अध्यक्ष अतुल रायजादा, बूथ अध्यक्षद्वय समीर श्रीवास्तव एवं संतोष वर्मा, स्थानीय भाजपा नेतागण सर्वश्री नरेन्द्र (मुन्ना) यादव, सेवक उईके, अरूण दामले, संतोष सिंह, सतीश रेवतकर, अखिलेश श्रीवास्तव, प्रकाश हरिहारनो, महिला नेत्रीगण सुधा पवार, दुर्गा राणा, पुष्पा ठाकुर, संगीता मिश्रा, प्रमिला वर्मा, विन्नी श्रीवास्तव सहित अन्य वार्डवासीगण पूर्व सांसद के साथ मौजूद रहे । आयोजन के अंत में वार्डवासियों ने दोनो विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति हेतु डॉ0 रमन सिंह एवं पूर्व सांसद मधुसूदन को धन्यवाद देते हुए आभार प्रदर्शित किया।

# शहर के नशोड़ियों/गंजेड़ियों पर डोंगरगढ़ पुलिस की प्रभावी कार्यवाही

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गोविन्दा उत्सव के मद्देनजर वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना क्षेत्र के आदतन बदमाश, हुडदंगियो, असमाजिक तत्वों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी अभियान के तहत आज दिनांक- 25.08.2024 को डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा शहर में आम जनता शांति एंव सैहाद्रपूर्ण से गोविन्दा उत्सव मना सके इसे ध्यान में रखते हुये गांजा, टेबलेट जैसे नशीली पदार्थ सेवन कर शहर में वाद-विवाद एवं लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने वाले 04




असमाजिक तत्व के व्यक्तियों पर धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की जाकर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया है।

**प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किये गये व्यक्तियों का नाम**

01. संतोष टण्डन पिता रामसेवक टण्डन उम्र- 41 साल साकिन भीम नगर डोंगरगढ़। 02. पुनेश साहू पिता अश्वनी साहू उर्फ तेजस्वनी उम्र- 36 साल साकिन ग्राम अछोली डोंगरगढ़। 03. अब्दुल हई पिता अब्दुल अफिज उम्र- 55 साल निवासी खुंटापारा डोंगरगढ़। 04. कार्तिक चौधरी पिता अजूद उम्र- 35 साल साकिन छीरपानी डोंगरगढ़।

## सब्जी विक्रेता बैटरी के भरोसे ही अपना व्यसाय करने पर मजबूर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ये नजारा पुरानी गंज मंडी के



पास सब्जी मंडी का है । यहां लगी हुई स्ट्रीट लाइटें काफी समय से बंद पड़ी हुई हैं। शाम के बाद यहां के सब्जी विक्रेता बैटरी के भरोसे ही अपना व्यसाय करने पर मजबूर हैं।

# संतान की दीर्घायु के लिए माताओं ने रखा हलषष्ठी व्रत

**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महाकालेश्वर शिव भक्त सेवा समिति के धारा (डोंगरगढ़)में इस बार हलहष्टि का आयोजन बड़ी जोर से हुवा,समिति के द्वारा बरसात को देखते हुवे वाटर प्रूफ पंडाल बनाया गया, बड़े बड़े बॉक्स रेडियो,लगाकर विधिवत रूप से पंडित के मंत्रोचार के द्वारा पूजन कराया गया, पंडित धर्मेंद्र दास वैष्णव ने कथा में बताया कि हलहष्टि पर्व भादो मास के कृष्णपक्ष के छटी तिथि को मनाया जाता हैं, इसी दिन भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलराम जी का जन्म



हुवा था,जिनका शस्त्र हल होता है इसलिए आज के दिन माताएं जिस स्थान पर हल चला होता उस स्थान पर नही जाती हल से जूता हुवा कोई भी पदार्थ ग्रहण नही करती हैं, आज के दिन हलहष्टि मैया के साथ बलदाऊ जी और कृष्ण जी का पूजन होता हैं, आज के दिन महिष के दूध दही ,घी से पूजन करते है,छ: छ: प्रकार के सामाग्री को इकट्ठा कर माताएं महाराज जी से या स्वयं 6 प्रकार की कथा पड़ती वा सुनती है ऐसा करने से जिन



माताओं के संतान नही होते है उन्हें संतान की प्राप्ति होती हैं तथा जिनके संतान होते है उनके संतान को दीर्घायु की प्राप्ति होती हैं समिति के अध्यक्ष श्री बोहरण लाल वर्मा एवं सचिव श्री धनराम वर्मा जी ने बताया कि इस वर्ष भगवान शिव के प्रांगण में ये पहली हलहष्टि है यदि माताओं बहनों और गॉव के प्रमुख लोगो का सहयोग रहा है हर वर्ष इससे भी बेहतर आयोजन करेंगे ,ताकि गॉव के ज्यादा से ज्यादा माता लोग भगवान शिव के प्रांगण में पूजा अर्चना कर अपने मनोरथ पूर्ण कर सके।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com